Mobile No.- 9473942572
E-mail- eeupjnrural22@gmailcom

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

## खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),बरेली।

म.न.-69 B, उदयन, महानगर, बरेली, पिनकोड-243006

पत्रांक 605 / M-8 /88 दिनांक 01.07.2026

सेवा में

प्रबन्ध निदेशक
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
लखनऊ।

विषय : **शासन से प्राप्त समाचार पत्र की कटिंग पर की गयी कार्यवाही के सम्बन्ध में।**

महोदय,

बरेली ई–पेपर /समाचार पत्र अमर उजाला, दिनांक 30.06.2026 के सन्दर्भ में चाही गयी आख्या निम्न प्रारूप पर प्रेषित है–

| क्र0 सं0 | विभाग का नाम | समाचार पत्र का नाम/प्रकाशन का दिनांक | समाचार में अंकित तथ्यों का संक्षिप्त विवरण | विभाग/जिला प्रशासन द्वारा किया गया निदान | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) बरेली | अमर उजाला दिनांक 30.06.2026 | **Bareilly News: जल जीवन मिशन की प्रगति धीमी, घिर सकते हैं अधिकारी**   | सादर अवगत कराना है कि जनपद बरेली में जल जीवन मिशन योजना के अन्तर्गत वर्तमान में 876 पेयजल योजनाओं का कार्य प्रगति पर है जिससे 1804 ग्रामों के सापेक्ष 1271 में नियमित पेयजल आपूर्ति की जा रही है। वर्तमान में प्रस्तावित 892 नग नलकूप के सापेक्ष 891 नलकूप पूर्ण, 877 नग अवर जलाशय के सापेक्ष 402 नग अवर जलाशय पूर्ण, 892 नग प्रस्तावित पम्प हाउस के सापेक्ष 856 नग पम्प हाउस पूर्ण कर लिए गये है एवं प्रस्तावित 8631 कि0मी0 पाइप लाइन के सापेक्ष 8341 कि0मी0 पेयजल पाइप लाइन बिछाई जा चुकी है पाइप लाइन बिछाने हेतु तोडी गयी ट्रेन्च/ रोड 4205 कि0मी0 के सापेक्ष 3914 कि0मी0 पुर्नस्थापना (76 प्रतिशत) का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिन ग्रामों में पेयजल पाइप लाइन बिछाने का कार्य प्रगति पर है उन समस्त ग्राम में तोडे गये ट्रेंच को मोटरेवल कर दिया गया है, पाइप लाइन हाइड्रो टेस्टिंग के उपरांत चरणवद्ध रूप से सड़को की स्थाई मरम्मत का कार्य प्रगति शील है।<br>साथ ही यह भी अवगत कराना है कि जनपद बरेली के विकास खण्ड आलमपुर जाफराबाद में सरदार नगर एवं बदरई कुइंया पेयजल योजना के अवर जलाशय प्रकरण में प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल | |

ile No.- 9473942572 E-mail- eeupjnrural22@gmailcom

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

## खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),बरेली।

म.न.-69 B, उदयन, महानगर, बरेली, पिनकोड-243006

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | निगम (ग्रामीण) लखनऊ एवं अधिशासी निदेशक राज्य पेयजल स्वच्छता मिशन (नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग) लखनऊ द्वारा जांच हेतु अलग अलग टी.ए.सी टीम का गठन किया गया एवं उपरोक्त दोना टीमों द्वारा इस पेयजल योजना की मौके पर जाकर जांच दिनांक 05.05.2026 को की गयी। दोनो तकनीकी जांच टीमों द्वारा जांच नमूने एकत्र किये गये एवं संबन्धित अनुसंधान केन्द्रों को भेजे गये। आई0आई0टी0 मुम्बई एवं पी0डब्लू0डी0 लखनऊ की जांच रिपोर्ट आना आपेक्षित है।<br>उक्त के अतिरिक्त यह भी अवगत कराना है कि दिनांक 30.06.2026 को मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 द्वारा जनपद बरेली की विकास कार्यो की बैठक ली गयी थी बैठक में निर्देश दिये गये कि पाइप लाइन बिछाने हेतु तोड़ी गयी रोड की मरम्मत सर्वोच्च प्राथमिकता पर कराना सुनिश्चित करें। जिसके अनुपालन में सम्बन्धित कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया गया है। | |

भवदीया

(आकांक्षा सिंह)
अधिशासी अभियन्ता

प्रतिलिपि– सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. जिलाधिकारी महोदय, बरेली।
2. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, बरेली।
3. जिला सूचना अधिकारी, बरेली।

अधिशासी अभियन्ता